अमर उजाला 30/11/2024

फिट इंडिया सप्ताह की हुई शुरुआत

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह की शुरुआत की गई। प्रथम दिन कॉलेज की एनसीसी गर्ल्स विंग ने योग और ध्यान का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि यह सभी गतिविधि शुक्रवार से आरंभ हो रही हैं। डॉ. राजेंद्र कुमार ने कॉलेज के लिए सभी गतिविधि का प्रारूप तैयार किया है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि कैडेट्स ने न केवल योग एवं ध्यान लगाया, बल्कि उन्होंने कॉलेज में जिम जाकर कसरत भी की। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस के महत्व को समझाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। संवाद